# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्या:–0612–2285262


**सं० सं–बि०वि०मि०–स्था०–(Data Analyst)–61/2022**...410.........**पटना, दिनांक**...12/3/25

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–1208, दिनांक–25.09.2018 द्वारा श्रीमती दीपिका वर्मा को दिनांक–18.09.2018 के प्रभाव से संविदा के आधार पर औपबंधिक रूप से Data Analyst के पद पर योगदान स्वीकृत करते हुए भवन निर्माण विभाग में प्रतिनियुक्त किया गया।

पुनः बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–182, दिनांक–31.01.2024 द्वारा श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना में प्रतिनियुक्त किया गया।

**2.** श्रीमती वर्मा द्वारा दिनांक–02.02.2024 को ई–मेल के माध्यम से आवेदन प्रेषित करते हुए त्याग–पत्र स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया।

**3.** भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1979, दिनांक–03.03.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि भवन निर्माण विभाग में स्थापना प्रशाखा एवं लेखा प्रशाखा में उपलब्ध अभिलेख के आधार पर श्रीमती वर्मा के पास कोई विभागीय बकाया लंबित नहीं है।

**4.** श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–76, दिनांक–15.01.2025 द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती दीपिका वर्मा का योगदान आवेदन दिनांक–01.02.2024 को प्राप्त है, परन्तु इन्हें कोई कार्य आवंटित नहीं किया गया है, और ना ही इनके द्वारा उपस्थिति पंजी में उपस्थिति दर्ज किया गया है।

**5.** श्रीमती वर्मा द्वारा त्याग–पत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं देने के कारण बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–495, दिनांक–18.04.2023 के कंडिका–02(ख) में किये गये प्रावधान के आलोक में उन्हें दिनांक–01.02.2024 की तिथि से बर्खास्त किया जाता है तथा श्रीमती वर्मा की भविष्य में बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अर्हता नहीं रहेगा।

**6.** प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

12/3/25

**(राजीव रंजन सिन्हा),**
**महाप्रबंधक–HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः– बि०वि०मि०–स्था०–(Data Analyst)–61/2022**...410.........**पटना, दिनांक**...12/3/25...
**प्रतिलिपि :–** मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन, श्रम संसाधन विभाग/ विशेष कार्य पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/3/25

**महाप्रबंधक–HR (Management) & IT**

**ज्ञापांकः– बि०वि०मि०–स्था०–(Data Analyst)–61/2022**...410.........**पटना, दिनांक**...12/3/25...
**प्रतिलिपि :–** महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ श्रीमती दीपिका वर्मा, तत्कालीन Data Analyst/ HR Manager, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

12/3/25

**महाप्रबंधक–HR (Management) & IT**